@shahjahanpurpol

प्रेस नोट सराहनीय कार्य 10.09.2023

थाना कटरा पुलिस द्वारा चोरी की 02 मोटर साइकिल सहित शातिर वाहन चोर को किया गिरफ्तार ।

श्री अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद मे वाहनो की चोरी करने वाले अभियुक्तो की गिरफ्तारी व रोकथाम जुर्म जरायम के सम्बन्ध में चलाये गये अभियान के क्रम में व श्रीमान संजीव कुमार बाजपेयी पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पर्यवेक्षण व श्री प्रियांक जैन क्षेत्राधिकारी तिलहर के कुशल निर्देशन मे थाना कटरा की पुलिस टीम को बड़ी कामयाबी हासिल हुई।

दिनांक 10.09.2023 को प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना कटरा की पुलिस टीम थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने व रोकथाम जुर्म जरायम, तलाश वांछित अपराधी मे भ्रमणशील थी तभी मुखबिर की सूचना पर स्टेशन रोड खुदागंज तिराहे से समय करीब 07.20 बजे अभियुक्त 1. आरिश पुत्र अफरोज निवासी एजाज नगर गौटिया थाना बारादरी जनपद बरेली को एक अदद चोरी की मोटरसाईकिल SPLANDAR के साथ गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त की निशादेही पर रेलवे स्टेशन कटरा के पास बने खण्डहरो मे कबाड के नीचे घास से ढकी हुई दूसरी मोटर साईकिल HONDA YUGA को बरामद किया गया। पूछताछ के आधार पर अभियुक्त का एक साथी साहिल भी प्रकाश मे आया है। इस सम्बन्ध मे थाना कटरा पर मु0अ0सं0 465/2023 धारा 411/413 भा0द0वि0 बनाम 1. आरिश 2. साहिल के विरुद्ध पंजीकृत किया गया विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगणो को मा0 न्यायालय पेशी हेतु रवाना किया जायेगा। अभियुक्तगण से पूछताछ जारी है। प्रकाश मे आये अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किया जा रहा है। अभियुक्तो के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

पूछताछ विवरण -

अभियुक्त से कडाई से पूछताछ पर बताया कि साहब मैं तथा मेरा साथी साहिल जो मेरे गांव का ही रहने वाला है हम बरेली से बाईक चुराते हैं और यहां तथा आस पास लाकर बेच देते हैं। साहब ये दोनो बाईके हम दोनो ने राजेनगर कालोनी थाना सुभाष नगर जनपद बरेली व नवादा शेखान आनन्द बिहार थाना बारादरी जनपद बरेली से लगभग 3-4 महीने पहले चुराई थी। आज मै अकेले ग्राहक की तलाश करते हुए इस बाईक को बेचने हेतु खुदागंज की से आ रहा था कि आपने पकड लिया।

गिरफ्तार किये गये अभियुक्त गण का नाम –

1. आरिश पुत्र अफरोज निवासी एजाज नगर गौटिया थाना बारादरी जनपद बरेली उम्र-19 वर्ष।

प्रकाश में आये अभियुक्त का नाम –

1. साहिल पुत्र जाने आलम निवासी एजाज नगर गौटिया थाना बारादरी जिला बरेली।

बरामदगी का विवरण –

1. UP 25 AH 4595 व चेसिस नं0 MBLHA10EJAHE01059 एवंम इंजन नं0 HA10EAAHE65939, SPLANDAR PIUS
2. UP 25 BJ 6052 व चेसिस नं0 ME4JC58ACFT060957 व इंजिन JC58ET4061779 HONDA YUGA

गिरफ्तारी करने वाली टीम –

1. प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 इतेश तोमर थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
3. हे0का0 79 तैय्यब अली थाना कटरा जनपद शाहजहांपुर
4. का0 493 आशीष कुमार थाना कटरा जनपद शाहजहांपुर
5. का0 192 गौरव तोमर थाना कटरा जनपद शाहजहांपुर
6. का0 2517 शक्ति सिंह थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर